दिनांक 12 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बेटे को नौकरी मिलने की सूचना पर खुशी से रो पड़ी मां , परिवार के 9 सदस्यों की जिम्मेदारी अकेली थी उमाशंकर पर, अनुकंपा नियुक्ति ने ढेर सारी जिम्मेदारियों से किया मुक्त , निगम प्रशासन का जताया आभार

भिलाई नगर/ पिता के कैंसर की बीमारी के कारण 2017 में मृत्यु हो गई! इलाज कराने में तकरीबन 7 लाख से अधिक रुपए खर्च हो गए! पत्नी की करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई तब मेरा बच्चा केवल 8 माह का था! मेरे ऊपर दोहरी जिम्मेदारी थी एक काम का और दूसरा बच्चे की देखभाल का! बहन के पति की मृत्यु हो जाने के कारण मेरी बहन और बच्चे भी साथ में रहने लगे! परिवार के 9 सदस्यों की पूर्ण जिम्मेदारी मुझ पर थी! मां बुजुर्ग होने के कारण काम नहीं कर पाती थी! बच्चों के छोटे-छोटे शौक कभी पूरा नहीं कर पाया! लेकिन अब अनुकंपा नियुक्ति में नौकरी लगने से बच्चों का शौक पूरा कर पाऊंगा , परिवार के सदस्यों की अच्छी से देखभाल कर पाऊंगा, जिम्मेदारी कम होगी! यह बातें अनुकंपा में भृत्य के पद पर नियुक्त उमाशंकर चतुर्वेदी ने कही! उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र के लिए मैं निगम प्रशासन का आभार व्यक्त करता हूं , दीपावली के अवसर पर दोहरी खुशी मिली है! इसी प्रकार अनुकंपा नियुक्ति में सहायक ग्रेड 3 के पद पर नियुक्ति पत्र मिलने से गायत्री साहू ने बताया कि उनके ससुर की मृत्यु सेवाकाल के दौरान होने पर पति ही केवल थे जिन पर घर की पूरी जिम्मेदारी आ गई ! कम आय होने के कारण बच्चों की पढ़ाई लिखाई आदि की समस्या आने लगी! मैंने घर के कार्यों के साथ ही पति के कार्यों में भी सहयोग करने की ठानी और अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया! पढ़ी-लिखी होने के कारण घर वालों ने भी प्रोत्साहित किया! अनुकंपा नियुक्ति मिलने से अब घर का संचालन अच्छे से हो पाएगा! उल्लेखनीय है कि 26 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई है!

जनसंपर्क अधिकारी